# पुलिस की मार से निराश होकर नाबालिग ने लगाई फाँसी, हुई मौत, दो लोग निलंबित

## पुलिस कर्मियों के बीच चल रहा विवाद का मोबाइल से वीडियो बनाना पड़ा महंगा



**अनूपपुर, यशभारत।** मामले की मजिस्ट्रेटरियल जांच जांच के बाद होगी कार्रवाई अनूपपुर। पुलिस की प्रताड़ना से आहत कोतमा थाना क्षेत्र के 16 वर्षीय हैप्पी पुत्र माखन प्रजापति निवासी ग्राम सिलपुर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने न्यायिक की जांच की एवं शामिल पुलिसकर्मी पर कार्यवाई की मांग को लेकर आक्रोषित होने पर पर पुलिस पुलिस ने मजिस्ट्रियल जांच कर कार्रवाई किए जाने के बात कही है। वहीं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर ने इस प्रकरण में शामिल दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। मृतक के पिता माखन प्रजापति के ने बताया कि दुष्कर्म के प्रकरण में तस्दीक करने उनके पडोसी के घर आई थी। डायल 100 के जवान आरोपी के परिजना से पूछताछ कर रहे थे, इस दौरान नाबालिग अपने फोन से कार्रवाई का वीडियो बनाने लगा। जिस पर पुलिसकर्मियों ने वीडियो बनाने से मना किया और मोबाइल छीन हुए मारपीट भी की, जिसकी वजह से उसने ग्लानि में घर आकर फांसी लगा ली। घटना का पता चलने के बाद परिजनो ने कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस पर नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मौके पर मौत पुलिसकर्मी पर कार्रवाई करने की मांग की है। मामले की जानकारी के अनुसार हंड्रेड डायल पुलिस एवं कोतमा थाना के दो पुलिसकर्मी कृपाल सिंह और मनु प्रताप सिंह ग्राम सिलपुर दुष्कर्म मामले में जांच विवेचना हेतु गए हुए थे। पुलिस जिस घर गई थी, वहां एक महिला और बच्चा था। महिला का पति घर पर नहीं था। महिला के साथ जब पुलिसकर्मी जानकारी ले रहे थे इस समय मोहल्ले में रहने वाला हैप्पी पिता माखन प्रजापति वहां पहुंच गया। वह महिला और पुलिस कर्मियों के बीच चल रहे बाद विवाद का मोबाईल में वीडियो बनाने लगा। यह देख उससे पुलिसकर्मियों ने मोबाइल छीन लिया और डांटते हुए मारपीट की। अतिरिक्त पुलिस, अधीक्षक अनूपपुर इसरार मंसूरी ने बताया कि पुलिस ग्राम सिलपुर एक मामले में गई हुई थी। जहां बच्चों के साथ डांटते हुए मारपीट की गई थी। इससे आहत होकर बालक घर जाकर फांसी लगा लिया था। इस प्रकरण में मजिस्ट्रेटरियल जांच बैठा कर जांच कार्रवाई कराई जा रही है।अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर ने बताया कि इस प्रकरण में शामिल दो पुलिसकर्मियों कृपाल सिंह और मनु प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया गया है, जांच के बाद कार्यवाई की जायेंगी।

# रुद्र गंगा आश्रम को तोड़ने वाले आईएफएस पर गिरी गाज, हुआ स्थानांतरण



**अनूपपुर, यशभारत।** अमरकंटक में 60 वर्ष पुराने रुद्र गंगा आश्रम पर अतिक्रमण कार्रवाई मामले में प्रशिक्षु आईएफएस पर गाज गिरी है। लगातार विरोध के चलते उन्हें अमरकंटक रेंजर के प्रभारी अधिकारी से हटाते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया में संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। अनूपपुर जिले के पवित्र नगरी अमरकंटक में 60 वर्ष पुराने रुद्र गंगा आश्रम फिर चर्चा में है। वन विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर यहां कार्रवाई करते हुए तोड़फोड़ की गई थी। इस मामले में अब प्रशिक्षु आईएफएस अफसर वीरेंद्र कुमार पटेल को अमरकंटक रेंजर के प्रभारी अधिकारी से हटाते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया में संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। प्रशिक्षु आईएफएस वीरेंद्र कुमार पटेल अमरकंटक में प्रभारी रेंजर के रूप में पदस्थ किए गए थे, जिनकी परिवीक्षा अवधि 23 अप्रैल को पूरी हो गई थी। इसी दौरान रूद्र गंगा में स्थित आश्रम को अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई करते हुए तोड़फोड़ की गई थी। स्थानीय साधु संतों ने प्रभारी रेंजर एवं प्रशिक्षु आईएफएस वीरेंद्र कुमार पटेल पर आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। इसके पश्चात उन्हें बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया में स्थानांतरित किया गया। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा इस मामले में जांच समिति भी गठित की गई है तथा तोड़े गए आश्रम को पुनः निर्मित किया जा रहा है। स्थानीय साधु संतों द्वारा इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की गई थी।

# तिपान पुल में अज्ञात ट्रक से बाइक टकराने में युवक की मौत, एक युवक घायल



**अनूपपुर, यशभारत।** कोतवाली थाना अनूपपुर के जैतहरी मार्ग में साईमंदिर के सामने तिपान पुल पर रविवार की देर रात अनूपपुर से मोटरसाइकिल से महुदा जा रहे दो युवक जैतहरी की ओर से आ रहा अज्ञात हाईवा की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले जाने बाद बेहतर उपचार हेतु रेफर करने के दौरान ही 24 वर्षीय युवक ने दम तोड़ दिया वहीं दूसरा युवक को चोट आने पर उपचार हेतु अनूपपुर में भर्ती किया गया है। जैतहरी थाना क्षेत्र के महुदा गांव के निवासी राजनारायण राठौर के 24 वर्षीय पुत्र राजाराम राठौर अपने रिश्तेदार मनीष राठौर 22 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल क्र,एमपी 65 एम,सी,6103 से अपनी भाभी प्रतिभा राठौर को छोड़ने अनूपपुर रेलवे स्टेशन में आने बाद भाभी को ट्रेन में बैठा कर रविवार की रात 10-30 बजे वापस जैतहरी की ओर से महुदा जा रहा था तभी साईमंदिर के सामने तिपाननदी में बने नये पुल में जैतहरी की ओर से तेज गति से आ रहा अज्ञात हाईवा ट्रक ने ठोकर मार दी जिससे राजाराम राठौर के शरीर की विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई,साथी मनीष राठौर को भी चोट आने पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में उपचार हेतु लाया गया जहा ड्यूटी डॉक्टर नितेश वर्मा ने दोनों घायलों का उपचार किया इस बीच गंभीर रूप से घायल राजाराम को बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किए जाने पर 108 एंबुलेंस से ले जाने की तैयारी करते समय ही राजाराम ने दम तोड़ दिया घटना की जानकारी ड्यूटी डॉक्टर के द्वारा जिला अस्पताल पुलिस चौकी को दिए जाने पर पुलिस एवं अस्पताल प्रबंधक के द्वारा मृतक के शव को पी,एम,वार्ड के शव फ्रीजर में सुरक्षित रखाया गया है, दूसरा घायल युवक मनीष राठौर जिला अस्पताल में उपचार रत है। परिजनों ने बताया कि राजाराम राठौर अपने रिश्तेदार मनीष राठौर के साथ अपनी भाभी प्रतिभा राठौर को अजमेर जाने हेतु जहां पर बड़े भाई मुकेश राठौर आर्मी में सेवारत है के पास जाने के लिए मोटरसाइकिल से घर महुदा से अनूपपुर स्टेशन में ट्रेन में बैठाने बाद वापस घर ग्राम महुदा जा रहे थे।

# ऑटो और चार पहिया वाहनों का पंजीयन हो, वाहन पर ड्राइवर का नाम, मोबाईल नंबर चस्पा होः एसडीएम

## नगर के तीन पहिया व चार पहिया चालको व मालिको की हुई बैठक



**अनूपपुर, यशभारत।** पवित्र नगरी अमरकंटक में रविवार 05 मई 2024 को नगर परिषद के सभागार में सायं चार बजे पुष्पराजगढ़ एसडीएम सुधाकर सिंह बघेल , अमरकंटक नगर परिषद सीएमओ चैन सिंह परस्ते , अमरकंटक थाना प्रभारी कलीराम राम परते और अमरकंटक नायब तहसीलदार कौशलेंद्र मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में अमरकंटक नगर क्षेत्र में यात्रियों के आवागमन व दर्शनीय स्थलों के भ्रमण हेतु चल रहे थ्री व्हीलर और फोर व्हीलर गाड़ियों के मालिक और वाहन चालकों के साथ एक विशेष बैठक संपन्न कर क्षेत्र के दार्शनिक स्थलों के भ्रमण पर मनमानी रेट वसूलने की शिकायत तथा शासन की गाइडलाइन मुताबिक दर पर न चलने जैसे मुद्दों पर राय मुसबरा किया गया।अमरकंटक में आए दिन यह शिकायत आती रहती है की क्षेत्र में गाड़ी वाले यात्रियों को भ्रमण या दूर दराज लाने व ले जाने हेतु जो भी वाहन उपलब्ध कराते है वो यात्रियों व टूरिस्टो से भारी भरकम पैसा वसूलने की शिकायत मिलती रहती है । यह भी चर्चा है की अगर टूरिस्ट लेन देन पर कोई बात वगैरह करते है तो वन्हा पर विवाद की स्थिति भी पैदा होती है । ऐसा अनेक बार स्थिति सुनने व देखने को मिलती है । जब की लोग दबी जुबान से बताते है की कुछ ही विशेष वाहन ड्राइवर , वाहन मालिक , टूरिस्ट गाइड और होटल मैनेजर है जो स्वतः टूरिस्टो से बात कर वाहन अवेलेबल करवाते है और अपना परसेंट बचाने वास्ते येसी स्थिति निर्मित करते है । कुछ समय पूर्व महाराष्ट्र से सैकड़ों की तादात में नर्मदा परिक्रमा करते अमरकंटक पहुंचे और लोकल स्थलों का भ्रमण हेतु वाहन लिया और उन यात्रीयो से वाहन का चार्ज एक हजार रुपए प्रति सीट लिया गया जिसमे 10 - 12 सवारी बिठाते है जिसकी खबर भी अखवार में प्रकाशित हुई थी । यह जानकारी यात्रियों ने स्वतः दी थी । इन परेशानियों की कई बार लोगो ने नगर पालिका अधिकारी को अवगत भी कराया गया है पर अभी तक क्षेत्रों के पर्यटक स्थलों तक भ्रमण हेतु कोई रेट दर तय नहीं हो सका है ।इन्ही मुद्दो को लेकर रविवार को पुष्पराजगढ़ एसडीएम ने एक बैठक बुलाकर सभी वाहन मालिकों , ड्राइवरों से बात चीत कर प्रशासन के मापदंड अनुसार रेट निर्धारण किया जावेगा जिससे नगर परिषद क्षेत्र के दार्शनिक भ्रमण स्थलो के अलावा अन्य कुछ विशेष जगहों की दूरी भी निर्धारित रेट दर पर ही थ्री और फोर व्हीलर वाहन चलेंगे । एसडीएम पुष्पराजगढ़ ने सभी उपस्थित लोगो की बात सुनी और आग्रह किया की आप लोगो को जो भी रेट दर की जानकारी आपके पास हो , हमे दे और हम भी आरटीओ कार्यालय से संपर्क कर शासन की गाइडलाइन लेकर जल्द ही नगर परिषद क्षेत्र हेतु रेट निर्धारण कराएंगे।

# 100 गजलों वाली रेत पर कश्तियां युवा शाइर दीपक का पहला उर्दू ग़ज़ल संग्रह प्रकाशित

## अनूपपुर नगर के जाने माने युवा शाइर जिले का नाम किया रोशन



**अनूपपुर, यशभारत।** कोई कोई ही ऐसा होता है जिसकी कलम की तलाश में कविताएँ खुद बेचैन रहा करती हैं। शायरी अपने मिजाज़, अपने हुनर, अपनी नज़र और लहजे की खोज में उस कलम तक खुद पहुँचती है। हर लम्हा बदलता हुआ वक़्त और शब-ओ-रोज़ की बारीकियाँ जिन अल्फ़ाज़ों में अक्सर अपनी आवाज़ हासिल करती हैं, वह कलम जिसकी अना की क़ीमत कोई अदा नहीं कर सकता, जहां खामोशी के अंधेरे में डुबा दी गयीं जुबानें अपना ज़मीर, ज़ज़्बा, रूह, ताक़त और ज़िंदगी की उम्मीद हासिल करती हैं, दीपक अग्रवाल के पास वह कलम कहाँ से और कैसे आयी ? यह एक 'एनिग्मा' या उलझी हुई पहेली है।यह तहरीर प्रख्यात कवि कथाकार फिल्म राइटर उदय प्रकाश ने मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी के सौजन्य से अर्शिया पब्लिकेशन दिल्ली से प्रकाशित देश के जाने-माने युवा शाइर दीपक अग्रवाल के हाल ही में प्रकाशित गजल संग्रह रेत पर कश्तियां के लिए लिखे गए मजमून में लिखी है। रेत पर कश्तियां दीपक अग्रवाल का पहला ग़ज़ल संग्रह है जिसमें उनकी 100 ग़ज़लें संग्रहित हैं। अनूपपुर में रहने वाले दीपक अग्रवाल देश के सबसे प्रतिभावान शो%रा में माने जाते हैं। इन्होंने पिछले एक दशक के दौरान लगभग देशभर में 100 से ज़्यादा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और मुशायरों में शिरकत की है। इन्होंने देश के नामवर शो%रा मुनव्वर राना, राहत इंदौरी, नवाज़ देवबंदी, अंजुम रहबर, मंसूर उस्मानी, अक़ील नोमानी, अतुल अजनबी, डॉ. तारिक़ क़मर, जौहर कानपुरी, शबीना अदीब के साथ ही अन्य सुप्रसिद्ध कवि व शाइरों के साथ मंच साझा किया है। दीपक अग्रवाल की यह किताब किसी शहडोल संभाग के किसी शाइर की उर्दू में प्रकाशित होने वाली ग़ज़ल की पहली पुस्तक है। दीपक अग्रवाल ने अपने पहले ग़ज़ल संग्रह के आने के बाद उर्दू अकादमी की डायरेक्टर नुसरत मेहदी और सुप्रसिद्ध शाइर अतुल अजनबी जिन्होंने इनका हर पल साथ निभाया का खासतौर पर शुक्रिया अदा किया है। उदय प्रकाश के अलावा सरहद पार से दुनिया के जाने-माने शाइर रहमान फ़ारिस ने इस पुस्तक में दीपक राग की नमूद शीर्षक से लिखी अपनी बेहद अहम तहरीर में लिखा है कि दीपक अपने ही नाम ही जैसा है। इसका दिल बुझता है तो ये सुखन का दीप जला लेता है जिसकी किरन किरन में दीपक राग के सुर समोये और क़दीम मुक़द्दस आग के मोती पिरोए होते हैं। मिसरों से चौंकाना अस्ल फ़न नहीं है क्योंकि फुलझड़ी तो दम-दो-दम आंखें चकाचौंध करके जल बुझती है, अस्ल लुत्फ़ चराग़ सा मुसलसल जलते रहने में है और ये वो हुनर है जो दीपक को आता है। धीमी लौ और मीठी ज़ौ इसकी ग़ज़ल में शे%र दर शे%र उड़ान करती है और क़ारी की आंखों में हैरत का सामान करती है। बहुत दिनों में सरहद पार से कोई लड़का ऐसा नज़र आया है कि जो तीखे तेवर के साथ नमूदार हुआ है। दीपक अग्रवाल के इस ग़ज़ल संग्रह के मज़रे आम पर आने के हिन्दी उर्दू अदब के साहित्यकारों ने मुबारकबाद देते हुए उम्मीद जताई है कि दीपक अग्रवाल आने वाले वक़्त में भी दुनिया-ए-अदब में इसी तरह अपनी रोशनी बिखेरते रहेंगे। वहीं दीपक अग्रवाल ने सभी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि मेरे अब तक के साहित्यिक सफ़र में मेरे वरिष्ठ और साहित्यकारो, स्थानीय साहित्यकारों और परिवार जनों ने मेरा भरपूर साथ दिया।

# अवैध रेत उत्खनन माफिया के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही कर ट्रैक्टर किया जप्त



**अनूपपुर, यशभारत।** थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है। टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मंगला प्रसाद दुबे, प्रधान आरक्षक दिनेश पाटिल, आरक्षक मनोज गुर्जर के द्वारा ग्राम नगदहा में स्वराज कंपनी का बिना नम्बर का ट्रेक्टर चालक उमाकांत केवट पिता सुरेश प्रसाद केवट उम्र 22 वर्ष निवासी चोलना थाना जैतहरी के अवैध रूप से उत्खनन की हुई रेत का परिवहन करते हुए पाये जाने पर कार्यवाही की गई। तथा छुलहा रेल्वे स्टेशन के पास न्यू हौलेण्ड कंपनी का बिना नम्बर का ट्रेक्टर से चालक वीरेन्द्र केवट पिता चूडामणी केवट उम्र 19 वर्ष निवासी चोलना के द्वारा अवैध रूप से उत्खनन की हुई रेत का परिवहन करते हुए पाये जाने पर कार्यवाही की गई। तथा वापसी पर स्वराज कंपनी के ट्रेक्टर चालक उमाकांत केवट व वाहन स्वामी हरिसिहं गोड़ निवासी बेलहा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 260/24 धारा 379,414 ताहि. 4/21 खनिज अधिनियम 66/192, 3/181, 146/196, 130(3)/177 एम.वी. एक्ट तथा हौलेण्ड कंपनी के चालक वीरेन्द्र केवट व वाहन स्वामी डोंगर सिहं गोड़ निवासी चोलना के विरुद्ध अपराध क्रमांक 261/24 धारा 379,414 ताहि. 4/21 खनिज अधिनियम 66/192, 3/181, 146/196, 130 (3)/177 एम.वी. एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर वाहनो को मय रेत के जप्त कर कार्यवाही की गई।

# दिन दहाड़े महिला सेल्समैन से मोटरसाइकिल सवारों ने 15 हजार से भरा बैग व सामान



**अनूपपुर, यशभारत।** जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान में पदस्थ महिला सेल्समैन से तीन बाइक सवार युवको ने शनिवार को पर्स में रखे हुए 15 हजार रुपए लूटकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 379 का अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोना देवी पनिका पति वेद प्रकाश निवासी पपरौडी थाना जैतहरी की शासकीय उचित मूल्य दुकान छातापटपर से दुकान का कार्य करने के पश्चात दोपहर 2-30 बजे वापस आने के लिए दुकान से बाहर निकली और पीओएस मशीन एवं अपना पर्स दुकान के बाहर गेट पर रखकर दुकान के दरवाजे में ताला लगाने लगी। इसी दौरान दो पहिया वाहन सवार तीन लड़के मुंह में कपड़ा बांधे ग्राम चोलना तरफ से आए और पीओएस मशीन, 15000 एवं पर्स में रखे स्टॉक पंजी, बिल, पंचनामा अन्य कागजात लेकर के खुटाटोला की तरफ भागे, दो पहिया वाहन का नंबर देखने का प्रयास किया जिस पर पीछे बैठे हुए लड़के ने नंबर पर हाथ रख दिया। महिला ने मामले की शिकायत जैतहरी थाने में दर्ज कराए जाने पर आजा प्रारूपियों के विरुद्ध धारा 379 का अपराध दर्ज कर लिया गया है।

# शिक्षक अपने धर्म का पालन करे, छात्रों को पढ़ाएं, उनका मार्गदर्शन करें, आगे बढ़ाएं -कमिश्नर

## शिक्षकों के दो दिवसीय उन्मेश प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**शहडोल, यशभारत।** कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने शहडोल संभाग के सभी शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि सभी शिक्षक अपने धर्म का पालन करें। कमिश्नर ने कहा कि शिक्षक का धर्म छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना है, छात्रों का मार्गदर्शन करना है और छात्रों को आगे बढ़ाना है। उन्होनें कहा कि शिक्षक बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहैया कराएं। कमिश्नर ने कहा कि शहडोल संभाग में आज से शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं माग्रदर्षन के लिए दो दिवसीय उन्मेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, इस दो दिवसीय प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षण कार्य के प्रति शिक्षकों को जागरूक करना है। उन्होनें कहा है कि उन्मेश कार्यक्रम के अंतर्गत शहडोल संभाग के लगभग 12 हजार शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका लाभ शहडोल संभाग के छात्रों का होगा। कमिश्नर ने कहा कि शहडोल संभाग के सभी शिक्षक उन्मेश कार्यक्रम के अंतर्गत दिए जा रहे प्रशिक्षण को अति गंभीरता से लें तथा प्रशिक्षण लेकर छात्र-छात्राओं को उच्च गुणवत्ता के साथ शिक्षा दें। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद आज आवासीय कन्या परिसर कंचनपुर में शहडोल संभाग के शिक्षकों के लिए आयोजित उन्मेश कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय उन्मेश समारोह का शुभारंभ कमिश्नर बीएस जामोद, अपर संचालक लोक शिक्षण श्री सहदेव सिंह मरावी, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह, ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया। कमिश्नर ने कहा कि सभी शिक्षकों का स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के पालकों से जीवन्त सम्पर्क होना चाहिए।

# सीएमएचओ ऑफिस में कार्यरत संविदा उपयंत्री राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक ने किया बर्खास्त




**अनूपपुर, यशभारत।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय अनूपपुर में पदस्थ संविदा उपयंत्री सिविल सतीश कुमार शुक्ला को उनके कार्यो के प्रति लापरवाही बरतने एवं गंभीर अनियमितता के मामले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक प्रिंयका दास ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संविदा उपयंत्री सिविल सतीश कुमार शुक्ला पर उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन नही किए जाकर आदेशों की अवहेलना, कार्यस्थल (मुख्यालय) में निवास नही करने, माप पुस्तिकाओं में दर्ज त्रुटियों को सचेत किए जाने के बाद भी त्रुटियां परलक्षित नही होने का प्रतिवेदन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक को प्रेषित किया गया था, जहां मिशन संचालक ने 22 मार्च को उक्त बिन्दुओं के स्पष्टीकरण हेतु कारण बताओं नोटिस जारी की गई थी, जहां संविदा उपयंत्री सतीश कुमार शुक्ला ने 4 अप्रैल को प्रतिवाद उत्तर एनआरएचएम के मुख्य प्रशासकीय अधिकारी प्रेषित किया गया, किन्तु प्रेषित उत्तर म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा उपयंत्री (सिविल) को आवंटित कार्यदायित्वों का अवलोकन किया गया जिसमे वरिष्ठ अधिकारियों, नियंत्रणकर्ता अधिकारी द्वारा समय-समय पर दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन नही किए जाने पर आवंटित कार्य में उदासीनता एवं लापरवाही परिलक्षित होने, जिला मुख्यालय में निवास नही करने एवं कार्य स्थल नही जाने पर कार्यो में विपरीत प्रभाव पडने तथा भुगतान हेतु माप पुस्तिकाओं में माप दर्ज करने में त्रुटियां परिलक्षित होने पर गंभीर अनियमितता पाए जाने की पुष्टि होने तथा लक्ष्य अनुरूप परिणाम हासिल नही किए जाने पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक प्रिंयका दास ने उक्त कृत्य मानव संसाधन मैनुअल 2011 (संशोधित) की कंडिका 11.1 एवं 11.3 में उल्लेखित प्रावधानों के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आने पर 24 जनवरी 2012 को सतीश कुमार शुक्ला की संविदा उपयंत्री सिविल जिला अनूपपुर में की गई नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया।